卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 280 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦18 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पुंछ में हुई मुठभेड़ में चार आतंकी ढेर

जम्मू(उद ब्यूरो)। पुंछ के सिंधरा इलाके में सुरक्षा बलों ने संयुक्त ऑपरेशन में सेना के जवानों ने चार आतंकियों को मार गिराया है। मारे गये आतंकी विदेशी



बताये जा रहे हैं उनकी पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किये गये हैं। जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों के बीच पहली मुठभेड़ सोमवार रात करीब 11:30 बजे हुई जिसके बाद आतंकियों की खोजबीन के लिए रात्रि निगरानी उपकरणों के साथ ड्रोन तैनात किए गए। मंगलवार तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के (शेष पृष्ठ 7 पर)

## भारी बारिश से कई मकान ध्वस्त

### मकानों में रह रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, कई जगह बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त

देहरादून(उद संवाददाता)। भारी बारिश के चलते देर रात रायपुर क्षेत्र की शांति विहार व सपेरा बस्ती के बीच बहने वाला नाला ऊफान पर आ गया। जिससे चार मकान और चार दुकानें ध्वस्त हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मकानों में रह रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात क्षेत्र में पड़ने वाले शांति विहार में अत्यधिक बारिश के कारण नाला ऊफान पर आने के चलते चार मकान ध्वस्त हो गए। सूचना पर



पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और तुरंत राहत कार्य शुरू किया। इस दौरान शांति विहार में दो मकान(शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने आपदा परिचालन केंद्र पहुंचकर लिया स्थिति का जायजा

देहरादून। प्रदेश में भारी वर्षा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में आपदा की स्थिति उत्पन्न होने के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं। इस कड़ी में मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह सचिवालय स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। साथ ही सभी जिलों के डीएम को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। केंद्रीय जल आयोग की ओर से हरिद्वार, ऋषिकेश व मैदानी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाद गंगा का जलस्तर बढ़ने का अलर्ट जारी किया गया है। ऋषिकेश में हालांकि गंगा चेतावनी रेखा से काफी नीचे बह रही है। आयोग की मानें तो अलकनंदा का वाटर लेवल बढ़ रहा है। जिससे मैदानी क्षेत्र में जल स्तर बढ़ेगा। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार रुद्रप्रयाग संगम पर अलकनंदा नदी का डिस्चार्ज 2900 (शेष पृष्ठ सात पर)




## चीनी मिल के जीएम से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

हरिद्वार (उद संवाददाता)।एक बदमाश ने लक्सर चीनी मिल के जनरल मैनेजर को पत्र भेजकर एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। रंगदारी न देने पर उनके पूरे परिवार को मार डालने की धमकी दी है। डाक से मिले पत्र के आधार पर जीएम ने लक्सर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर इसका मुकदमा दर्ज कराया है। लक्सर में राय बहादुर नारायण सिंह के नाम से काफी पुरानी चीनी मिल है। पिछले दिनों मिल के तत्कालीन जीएम ने नौकरी छोड़ने के कारण मिल प्रबंधन ने इसी मिल के दूसरे अधिकारी एसपी सिंह को पदोन्नति देते हुए चीनी मिल का जीएम बना दिया था। करीब चार महीने से वह मिल में बतौर जीएम काम कर रहे हैं। जीएम एसपी सिंह के मुताबिक उन्हें डाक के माध्यम से एक पत्र मिला है। पत्र भेजने वाले ने उनसे एक करोड़ रुपये की रंगदारी देने को कहा है। रंगदारी नहीं देने पर उनकी तथा उनके पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी भी दी गई है। पत्र में यह भी धमकी दी गई है कि यदि उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी देते हुए पुलिस की मदद लेने की कोशिश की या किसी भी तरह से कानूनी कार्रवाई करने की कोशिश की, तो भी उन्हें परिवार सहित मार दिया जाएगा। हालांकि रंगदारी किसे व कहां दी जानी है, इसके बारे में पत्र में कुछ भी उल्लेखित नहीं किया गया है। यह पत्र उन्हें 7 जुलाई में लिखा गया था तथा पत्र के ऊपर लगी पोस्ट ऑफिस की मोहर भी स्पष्ट नहीं होने की वजह से यह पता नहीं लग रहा है कि पत्र किस जगह से उनको भेजा गया है। जीएम ने रंगदारी वाले पत्र की कॉपी के साथ लक्सर कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और पत्र लिखने वाले की शिनाख्त की जा रही है।

## पशु मांस का कुख्यात तस्कर गिरफ्तार

किच्छा।पुलभट्टा पुलिस ने प्रतिबंधित जानवरों के मांस की सप्लाई करने वाले फरार चल रहे मुजरिम को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक नगर रूद्रपुर व पुलिस अधीक्षक अपराध व क्षेत्राधिकारी सितारंगज के निर्देशन मे थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व मे पुलभट्टा पुलिस टीम द्वारा विभिन्न धाराओं से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सलील अहमद उर्फ मुल्ला पुत्र सद्दीक कुरैशी निवासी वार्ड न. 20 इन्द्रानगर सिरौली कला थाना पुलभट्टा को मुखबिर की सूचना पर गोला पुल पुलभट्टा से गिरफ्तार कर लिया । पूछताछ मे सलील अहमद ने बताया कि वह स्लाटर



हाउस किच्छा मे भैंस काटने का काम करता है । अवैध तरीके से भैस/गाय को काटकर उनका मीट किच्छा,बहेडी मे सप्लाई करता है। वह बरेली हल्द्वानी आदि क्षेत्रो में छुपकर रह रहा था। प्रभारी थाना पुल भट्टा कमलेश भट्ट ने बताया कि अभियुक्त घर आ रहा था कि सूचना पर उसे पकड लिया । अभियुक्त को रिमाण्ड हेतु मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम की इस कार्यवाही की स्थानीय जनता द्वारा प्रशंसा की गई है। पुलिस टीम में एसओ कमलेश भट्ट, उपनिरीक्षक पवन जोशी,कांस्टेबल दीपक विष्ट, ललित चौधरी शामिल थे।

## संदिग्ध हालातों में बेंच पर मिला पूर्व पर्वतारोही का शव

नैनीताल(उद संवाददाता)। मंगलवार सुबह नैनीताल के तल्लीताल चर्च के समीप बेंच पर एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक पूर्व पर्वतारोही था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवेरे की सैर पे निकले राहगीरों को बेंच पर एक व्यक्ति का शव मिला जिस पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक की मौत से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की जेब से प्राप्त दस्तावेजों से पता चला कि मृतक तल्लीताल का निवासी था। दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचित किया गया। मृतक की उम्र लगभग 47 वर्ष बताई गई है। जो कि बेरोजगार था और नशे का आदी था। युवक के परिजन सवेरे लगभग 7.30 बजे उसे लेने पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में शव को लेकर घर को लौट गए। समझा जा रहा है कि युवक रात्रि से ही बैंच में लेटा रहा जिस कारण युवक की मौत हो गई।

## नशे में धुत युवतियों का सड़क पर हंगामा,वीडियो वायरल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। वनभूलपुरा थाना क्षेत्र में नशे में धुत युवतियों ने खूब हंगामा किया। सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शे का शीशा तोड़ दिया। हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने तीन युवतियों के विरुद्ध प्राथमिकता दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बीती रात शहर में एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शे को टक्कर मार दी। कार सवार एक युवक व तीन युवतियां नशे में धुत थे। तीनों ने कार से उतरकर गाली-गलौज करना शुरू कर दी। इसके बाद धमकी देकर चली गईं। कुछ देर बाद युवतियों के साथ दो अन्य महिलाएं भी आईं और हंगामा करने लगीं। वहीं एक युवती ने ई-रिक्शा के शीशे में हाथ मारकर तोड़ दिया। वनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि युवतियां नशे में धुत थीं। सभी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी सामूहिक रूप से पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। युवतियां (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में युवक लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक युवक की संदिग्ध



परिस्थितियों में लापता बताया जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब लोग का पता लगाना शुरू कर दिय। जानकारी के मुताबिक राधे कृष्णा कॉलोनी काशीपुर निवासी सुमित भट्ट 22 वर्ष संजय भट्ट 12 जुलाई को अचानक घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में परिजनों को बगैर बताए कहीं लापता हो गया। इस दौरान परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाशी के बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया।

# भोजन में मोटे अनाज को बढ़ावा दें: सुखीजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया,जिसका समापन टिफिन बैठक के साथ हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा पारंपरिक मोटे अनाज भोजन में शामिल करने से कई प्रकार की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। हमें अपने भोजन में पहाड़ी/मैदानी क्षेत्र में पैदा होने वाले मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति राज ने कहा, गेहूं के अलावा मक्का,चना,मंडवा,ज्वार, बाजरा,रागी आदि अनाज जब हम प्रयोग करते हैं तो हमारे शरीर में रोग प्रतिरोध क क्षमता पैदा होती है और कई प्रकार की शारीरिक समस्याओं से छुटकारा मिलता है । इस मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया, मंडल महामंत्री अनिल जेटली,अभिषेक वर्मा,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जसवीर चीमा,सतीश मिड्ढा,कपिल जी, पंकज सेतिया, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री पूनम ग्रोवर, महामंत्री मानसी शर्मा एवं लक्ष्मी चौहान,उपाध्यक्ष ज्योति अरोड़ा,स्वीटी चावला,रीना बजाज,कोषाध्यक्ष गीता अनेजा,मंत्री रिंकी हितकारी,अनीता शाह सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# चुनाव संचालन समिति की देखरेख में होगा शिव मंदिर चौरासी घंटा प्रबंध कमेटी का चुनाव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रम्पुरा स्थित शिव मंदिर 84 घंटा में एक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने अपने विचार रखते हुए शिव मंदिर 84 घंटा प्रबंध कमेटी की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि शिव मंदिर 84 घंटा प्रबंध कमेटी का गठन सदस्यता अभियान चलाने के उपरांत वोटिंग अथवा सर्व सहमति के माध्यम से किया जाए जिससे कि निष्पक्ष और योग्य पदाधिकारी शिव मंदिर चौरासी घंटा प्रबंध कमेटी में चयन हो सके। क्योंकि पिछले विगत कई वर्षों से मंदिर के पूर्व अध्यक्षों द्वारा किसी भी प्रकार का समाज को कोई हिसाब किताब नहीं दिया है। जबकि मंदिर की आय लाखों में है। जो पदाधिकारी मंदिर में पदाधिकारी बनता है वह अपनी मनमानी करते हुए मंदिर के पैसों का दुरुपयोग करके अपने निजी स्वार्थ सिद्ध करते हैं। समाज के द्वारा मांगे जाने पर भी कोई हिसाब नहीं दिया जाता है, जिससे वहां की आम जनमानस में रोष व्याप्त है सभी उपस्थित गणमान्य लोगों की बातों को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया कि सदस्यता अभियान चलाकर योग्य व्यक्तियों को वोटिंग के माध्यम से पदाधिकारी बनाया जाए। इस दौरान सियाराम कोली, राकेश कोली, पप्पू कोली, राजकुमार कोली, रामअवतार कोली, चन्द्र सेन कोली, चंद्रपाल कोली, कोमिल राम कोली,रविन्द्र कोली,आदि तमाम लोगों ने अपने विचार रखे। सभी उपस्थित लोगों ने सर्व सहमति से बासुदेव कोली, बनारसी दास कोली, कोमिल कोली, देशराज कोली, रविंद्र कोली, एवं चंद्रपाल कोली जी के रूप में छह लोगो को चुनाव संचालन समिति का सदस्य बनाया गया । इस दौरान भगवान दास कोली, चंद्रपाल कोली, विनोद कोली, राजेश कोली, महेश कोली, दीपक कोली, रवि कोली, गब्बर कोली, राजू गुप्ता, ओम प्रकाश, कमल सैनी, चंद्रभान, शुभम रस्तोगी, ओमपाल कोली, जितेंद्र कोली, हरी राम कोली, शेखर कृष्ण मुरारी, कोली वीरेंद्र कोली, महेश कोली, पप्पू कोली, हुकम सिंह भंडारी, जागन लाल, प्रेम कोली, रजत कोली, जय प्रकाश कोली, अमित कोली ,रोहिताश कोली, किशन कोली, ओमपाल, रामनाथ कोली, बाबू राम कोली, सुरेश कोली, राम बाबू, राजवीर, ब्रजकिशोर कोली, सूरजपाल कोली, भजनलाल कोली, नंदराम कोली,संजीव कोली आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन कुवंरपाल कोली ने किया।



# पीएसी परिसर में किया पौधारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकपर्व हरेला के अवसर पर 31 वीं वाहिनी पीएसी परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वाहिनी की सेनानायक श्रीमती प्रीति प्रियदर्शनी ने अधीनस्थ अधिकारियों तथा वाहिनी के परिवार के साथ वाहिनी परिसर में अनेक स्थानों पर पौधा रोपण किया। वाहिनी परिवार नेहरेला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। लाग हरियाव, लाग दशैं, लाग बग्वाव, जीरया, जागी रया, य दिन, य महण कैं नित-नित भ्यटनै रया। बेर जस फल जया, दुब जस पंगुर जया । स्याव जसि बुद्धि है जौ, स्यूं जस तराण ऐ जौ । सब कैं हरियाव (हरेला) त्यार कि भौत-भौत बधै। बोलों की गूंज परिसर में गूंजती रही। सेनानायक श्रीमती प्रीति प्रियदर्शनी ने प्रकृति को समर्पित उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मनीष शर्मा, शिविरपाल, परविंदर सिंह, आर आई (पी टी), खुर्शीद अली, एसए , पीसी गिरीश जोशी, उमेश सोनकर एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने शमशान घाट में किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला काशीपुर के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य के नेतृत्व में गदरपुर स्थित श्मशान घाट में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर हरेला पर्व को धूमधाम से मनाया। इस दौरान सुखीजा ने हरेला पर्व की महत्ता को समझाते हुए वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण पर प्रकाश डाला। सुखीजा ने सभी प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की बधाई दी।पौधारोपण के दौरान कपिल गंडा, नरेश हुड़िया, अभिषेक वर्मा, अनिल जेटली, जसवीर सिंह चीमा, अश्विनी, गुंजन अरोरा, हैप्पी चंद्रा, रमन मुंजाल, मिंटू श्रीवास्तव, हरि रहलन सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



# नशे में चूर युवतियों का सड़क पर हंगामा, ई रिक्शा का तोड़ा शिक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर में युवतियों द्वारा सार्वजनिक रूप से हंगामा किए जाने के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं। युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाते हुए अब कई युवतियां नशे का सेवन कर आम जनता व पुलिस के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही हैं। इतना ही नहीं सामान्य परिस्थितियों में भी युवतियों के मारपीट के कई वीडियो सामने आ चुके हैं। अब ऐसा ही एक और मामला सामने आया है जिसमें नशे में चूर युवतियों ने न सिर्फ सड़क पर जमकर हंगामा किया वरन एक ई रिक्शा का शीशा भी तोड़ दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। पीड़ित ई रिक्शा चालक ने पुलिस को मामले की तहरीर सौंप दी है। बताया जा रहा है कि बनभूलपुरा क्षेत्र में कुछ युवतियों ने शराब पीकर जमकर हंगामा काटा। इसके बाद उन्होंने सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शे का शीशा तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बनभूलपुरा थाना पुलिस को दी तहरीर में ताज मस्जिद, नई बस्ती, बनभूलपुरा निवासी मो. सलीम ने बताया कि रविवार रात मोहल्ले में एक कार तेज गति से आई और सड़क किनारे खड़ उसके ई-रिक्शे को टक्कर मार दी। इस दौरान कार सवार एक युवक व तीन युवतियां जो नशे में धुत थे कार से उतरे और उसके साथ गालीगलौज शुरू कर दी। इसके बाद युवतियां धमकी देकर चली गईं। सलीम का कहना है कुछ देर बाद युवतियों के साथ दो अन्य महिलाएं भी आईं और हंगामा किया। एक युवती ने ई-रिक्शा के शीशे को हाथ मारकर तोड़ दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दक्षिका गैस एजेंसी का हुआ शुभारम्भ

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के आजाद नगर क्षेत्र में इंदिरा गैस की उत्तराखंड की प्रथम एजेंसी का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। दक्षिका गैस एजेंसी के उद्घाटन अवसर पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगर के वार्ड नंबर 2 आजाद नगर में तमाम गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मां दुर्गा की स्वरूपा छोटी-छोटी कन्याओं ने फीता काटकर एजेंसी का उद्घाटन किया। इससे पूर्व एजेंसी परिसर में हवन यज्ञ एवं पूजा अर्चना करने के पश्चात महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। पंडित राम कुमार द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात कन्या पूजन कराया गया। दक्षिका गैस एजेंसी के एमडी डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि इंदिरा गैस एवं पेट्रोलियम प्राइवेट लिमिटेड की उत्तराखंड की पहली एजेंसी किच्छा क्षेत्र में खोली गई है तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करना एजेंसी का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि आम जनता को आसानी से गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंपनी द्वारा मात्र आधार कार्ड की छायाप्रति एवं तीन फोटो के आधार पर नया गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि अन्य गैस सिलेंडर के मूल्य की तुलना में इंदिरा गैस का सिलेंडर 75 रुपए सस्ता होने के साथ ही प्रत्येक सिलेंडर में करीब 300 ग्राम गैस अधिक दी जा रही है। उन्होंने बताया कि फोन पर गैस सिलेंडर की बुकिंग के साथ ही होम डिलीवरी की सुविधा ग्राहकों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। मौके पर बिंदुबासिनी श्रीवास्तव, संजीव कुमार सिंह, विवेक दीप सिंह, डॉ इंदिरा राजेश, शोभित शर्मा, अमन मदान, ब्रह्मानंद पुरोहित, राजकुमार कोली, मनमोहन सक्सेना, विपिन जल्होत्रा, हरीश सिंधी, रवि प्रकाश तिवारी, नितेश बाला, पूरन भट्ट, संजय श्रीवास्तव, नरेश चंद्र, प्रवीण सेन, राजकुमार गुप्ता, मनोज सिंह, संजय सिंह, अजीत श्रीवास्तव, हवलदार यादव, गोपाल सक्सेना, बिंदेश्वर सिंह, कृष्णा कौर, नीलम गंगवार, रीता पांडे आदि मौजूद रहे।



# जु-जित्सु प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों ने सीखे गुर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दुर्गा मार्शल आर्ट्स एकेडमी, जवाहर नगर, पंतनगर द्वारा एक दिवसीय जु-जित्सु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती व मुख्य प्रशिक्षिका सेंसई हिमा भट्ट ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऋषि पाल भारती ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के साथ साथ जु-जित्सू मार्शल आर्ट आत्मसुरक्षा की दृष्टि से विश्व की सबसे अधिक लोकप्रिय मार्शल आर्ट में से एक है। आत्मरक्षा में निपुण होने से आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज जनपद के खिलाड़ी जु-जित्सू खेल में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके है। आज हमारे प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि जनपद से जु-जित्सू खिलाड़ी कमल सिंह का चयन चीन में अयोजित होने वाले 19 वें एशियाई खेलों के लिए हुआ है। शिविर में एशियन खिलाड़ी कमल सिंह ने वाजा इवेंट के मुख्य थ्रो जैसे ओख्रशोतो गैरी, ओ-घोसी, ओकुरी आशी बराई, उशीरो घोसी, सियोनागे के साथ साथ सबमिशन तकनीकें, लॉक्स एंड चॉक्स तकनीकों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न स्कोलों के लगभग 30 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। दुर्गा मार्शल आर्ट्स एकेडमी, जवाहर नगर, पंतनगर की मुख्य प्रशिक्षिका हिमा भट्ट ने बताया कि उनकी एकेडमी के खिलाड़ी जु-जित्सू को भूत ही उत्साहित होकर प्रशिक्षण ले रहे है, इस अवसर पर ममता पंत, मोनिका वर्मा, यशोदा रोतेला, पूजा बिष्ट, रेखा, सुनीता, आलोक भास्कर, यशवंत सिंह सहित समस्त लोगों ने बधाई दी ।



# स्कूल प्रांगण में किया पौधरोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। एस0 एस0 पब्लिक स्कूल के प्रागण में हरेला पर्व के अवसर पर पौधारोपण किया गया। विद्यालय के एम0 डी0 डी0पी0 सिंह ने वृक्षो का जीवन में कितना महत्व है पर प्रकाश डाला और सभी को सन्देश के माध्यम से बताया कि जीवन में कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य परविन्दर सिंह जी ने प्रत्येक बच्चे एंव विद्यालय के सभी सदस्यों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया साथ ही आनलाईन के माध्यम से बच्चों ने वृक्षारोपण की तस्वीरें प्रधानाचार्य से सांझा की। इस अवसर पर सुरेन्द्र प्रसाद, उमेश चौहान, कुमाकीर्ति फौगाट, सचिन बजाज, किशन चन्द्र, राजकुमार, इन्द्रजीत सिंह, गुरदयाल सिंह, शुभम, सुशील कुमार, श्याम सिंह, अंजली, ऐशमीत, अंशु, संजु, नौशाद, उवेश आदि उपस्थित रहें।



# बैडरूम में गैर महिला संग रंगरेलियां मनाते मिला पति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में एक दिलचस्प मामला सामने आया है। हुआ यूं कि एक महिला जब अपने पुत्र का पता करने घर के भीतर पहुंची तो बेडरूम का नजारा देखकर उसकी आंखें खुली की खुली रह गई। उसका पति गैर महिला के साथ नग्नावस्था में रंगरेलियां मना रहा था। अचानक पत्नी को सामने खड़ा देख कर सकपका गया और उसने पत्नी को खलल डालने पर न सिर्फ जैसे मार देने की धमकी दे डाली बल्कि उस पर धारदार हथियार से हमला भी कर दिया। महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंप कर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। बताया जाता है व्यक्ति पत्नी की नजर से छिप कर किसी और महिला के साथ रंगरलियां मना रहा था। जब महिला ने उसे बेडरूम में नंगा पकड़ लिया तो पति तौलिया लपेटकर भागा और पत्नी को जान से मारने की कोशिश की। पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपने बेटे की खबर लेने घर गई थी। वहां बेटा तो नही मिला, लेकिन उसे तलाशते हुए वह जब बेडरूम में पहुंची तो उसकी आंखें फटी रह गईं। पति पूरी तरह नग्न अवस्था में किसी और महिला के साथ रंगरेलियां मना रहा था। पत्नी को सामने देख पति ने तौलिया लपेट कर उसे दौड़ा लिया। साथ ही उसे धमकाया अगर वह उसके सम्बन्धों के आड़े आई तो जान से मार देगा।

# बूथ में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकपर्व के अवसर पर वार्ड 19 के बूथ संख्या 97 में बूथ अध्यक्ष कपिल अग्रहरि की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, शक्ति केंद्र संयोजक अतुल जायसवाल, वार्ड प्रभारी देवेश अग्रवाल, जिला महामंत्री भाजयुमो कनिष्क ढींगरा, कन्हैया जायसवाल, रितु डालाकोटी, मंजू वार्ष्णेय, जिला महामंत्री किसान मोर्चा दिनेश सिंह, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा रवीन्द्र बाली आदि समस्त भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# महिलाओं का शारीरिक, आर्थिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होना जरूरी: डा. उषा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरुकता कल्याण समिति की ओर से तीन पानी डैम दुर्गा विहार कॉलोनी में महिला सशक्तिकरण पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजक श्रीमती राधा सुभाष,सुमन तिवारी व सीता सुनील चौरसिया थी। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष डॉ उषा नरेंद्र जैन ने महिला सशक्तिकरण के ऊपर महिलाओं को बहुत सारी जानकारी दी और कहा कि महिला शक्तिकरण का मतलब है हर तरीके से महिलाओं का सशक्त होना भले ही वह शारीरिक रूप से हो मानसिक रूप से हो आर्थिक रूप से हो या आध्यात्मिक रूप से हो महिलाओं को अपने जीवन के अनेक पहलुओं में बैलेंस बनाना होता है इसलिए उनका रियल शक्तिकरण होना जरूरी हैं,उनको परिवार भी देखना हैं, घर–गृहस्थी को भी संभालना हैं रिश्ते नाते भी निभाना हैं,समाज में भी अपनी भूमिका निभानी हैं,खुद वी परिवार का स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना हैं। इसलिए जब ओ खुद मजबूत होगी तभी ओ अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा सकती है। साथ ही उन्होंने महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिऐ मोटिवेट किया। कहा कि जब महिलाएं कुछ करती है तो हमारे अंदर आत्मविश्वास डेवलप होता हैं,वैसे भी



आज घर में एक की इनकम से गुजारा नही होता,एक इनकम का सोर्स होने से जब कई बार हमारे घर के कमाऊ व्यक्ति बीमार हो जाते है या उनकी नौकरी डिस्टर्ब हो जाती है तो उस समय हमारे परिवार में आर्थिक तंगी आ जाती हैं इसलिए हम महिलाऐं भी अपने घर की आर्थिक स्थिति को ठीक करने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही उन्होंने उत्तराखंड पुलिस एप की जानकारी देकर महिलाओ को उत्तराखंड पोलिस एप का यूज करना और मुसीबत में होने महिलाओं व बालिकाओं को उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाये गए महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए गोरा शक्ति एप की विशेष जानकारी देते हुऐ अपनी बच्चियों को सतर्क रखने को व शोषण से बचाना व उन्हें अपने अधिकारों के प्रति शिक्षित करने को कहा । समिति की उपाध्यक्षा श्रीमती राधा सुभाष ने कहा कि हम महिलाएं अगर ठान ले बहुत कुछ कर सकते हैं अपने समय को मैनेज करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में रानू चौहान, रूबी मिश्र ,पुष्पा देवी,राधा देवी,दुर्गा जोशी, उमा पंत ,राजेश्वरी, सुशीला, संजू तिवारी, संगीता देवी ,पिंकी कौर, नीमा देवी, गुड्डी देवी, राजवती, सुशीला गौतम, आरती देवी ,कमलेश , पुष्पा, सरला, अनीता देवी, निर्मिती देवी,सीता चौरसिया, सुमन तिवारी ,रानी कश्यप, मनजीत कौर आदि महिलाऐं उपस्थित रही।

# विधायक बेहड़ ने स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से की मुलाकात

किच्छा( उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने देहरादून में शिक्षा तथा स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से देहरादून में मंत्री आवास पर उनसे मुलाकात की तथा अपनी विधानसभा किच्छा के शिक्षा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराया। इससे पूर्व शिक्षा तथा स्वास्थ मंत्री धन सिंह रावत ने किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ को शाल पहनाकर उनका स्वागत किया। विधायक बेहड़ ने धन सिंह रावत को अपनी विधानसभा किच्छा में स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल स्वास्थ्य केंद्र का तहसील स्तरीय उच्चीकरण कराये जाने हल्दी में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण तथा ग्राम नजीमाबाद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कर उसका उच्चीकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराये जाने की मांग की साथ हि विधानसभा किच्छा के 13 विद्यालयों की सूचीं प्रस्तुत की तथा उच्चीकरण कराये जाने की मांग की तथा किच्छा माडल डिग्री कालेज का नाम बाबा साहब अम्बेडकर जी के नाम पर किये जाने हेतु शीघ्र स्वीकृती दिए जाने की मांग की। विधायक बेहड़ ने पंतनगर इंटर कालेज की दुर्दशा के बारे में धन सिंह रावत जी को बताया कि इसका भवन सन 1965 का बना हुआ है बहुत ही जर्जर अवस्था में है बरसात में लीकेज होती है भविष्य में अनहोनी घटित होने के सम्भावना बनी रहती है । इसलिए अतिशीघ्र नया भवन का निर्माण कराया जाना आवशयक है । जिस पर धन सिंह रावत ने भवन निर्माण कराये जाने हेतु मंडी परिषद् से इसके आंगणन तैयार करने का निर्देश दिया और भरोसा जताया की इसका निर्माण अतिशीघ्र कराये जाने का प्रयास किया जायेगा और बाकी प्रस्तावों पर भी वे कार्यवाही करेंगे।



# हरेला पर्व पर किच्छा में विभिन्न स्थानों पर किया वृक्षारोपण

किच्छा( उद संवाददाता)। नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने ने हरेला पर्व के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ तथा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ किच्छा में विभिन्न स्थानों होता है इन्हीं त्योहारों में से एक हरेला पर्व का भी त्यौहार है जिसमें हम वृक्षारोपण करते हैं जो कि आज की जरूरत भी है यें हमारी प्रकृति तथा वातावरण के लिए बहुत अधिक लाभदायक है. जिस प्रकार हमारे पूर्वजों ने हमें यह त्यौहार दिए हैं कुमाऊं मंडल में हरेला पर्व की ज्यादा मान्यता हैं। हरेला को काटने के बाद घर के सभी सदस्य एक दूसरे को इससे पूजते हैं और लंबी उम्र और समृद्धि की कामना करते हैं.तथा सभी ने किच्छा तहसील के सामने अंबेडकर पार्क, बंडिया में श्मशान





पर संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कि हमें गर्व है कि हम भारत जैसे देश में पैदा हुए जहां हमारी महान संस्कृति के रूप में हमारे आराध्यों तथा पूर्वजों ने हमें विरासत में ऐसे त्यौहार दिए हैं जिनको मनाने से आत्मिक शांति के साथ प्राकृतिक को भी बहुत ही बड़ा फायदा हमारा भी फर्ज बनता है इन्हें संजोकर अपने आगे आने वाली पीढ़ियों इन त्योहारों से अवगत कराएं ।इस दौरान किच्छा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ तथा महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सुनीता कश्यप ने हरेला पर्व के अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक देते हुए कहा की घाट के पास भूमि में वृक्षारोपण किया इस दौरान समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन भी उपस्थित रहे.वरिष्ठ कांग्रेस जन ओमप्रकाश दुआ, दलीप सिंह बिष्ट, सुनीता कश्यप,हरभजन सिंह,चंदन पांडे, दानिश मलिक,जीवन जोशी,एन यू खान,केवल हुड़िया,नितिन शर्मा, बलविंदर सिंह, दीप हंसपाल, अरुण सिंह आदि थे। सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किच्छा में मनाया गया हरेला पर्व वहीं सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। जिसमे फलों व फूलो के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर एलेक्स ने छात्रों को हरेला पर्व के बारे में बताते हुए कहा कि हरेला पर्व पर फलदार व कृषि उपयोगी पौधा रोपण की परंपरा है। हरेला सुख समृद्धि, शांति एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। साथ ही साथ हरेला की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# विधायक प्रतिनिधि ने सुनी जनसमस्याएं

किच्छा( उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय में प्रत्येक सोमवार की भांति इस सोमवार को भी जनता संवाद के तहत क्षेत्रवासी भारी तादाद में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इन सभी समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली तथा किच्छा कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ बड़ी गंभीरता से सुना तथा इन समस्याओं के निदान हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए आए हुए समस्त क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही इन समस्याओं के निदान हेतु आश्वासन दिया तथा आवश्यक कार्रवाई की।इस दौरान वार्ड नंबर 19 से एन यू खान के नेतृत्व में भारी संख्या में वार्डवासी पहुंचे तथा उन्होंने अपनी गली के निर्माण कराए जाने की गुहार लगाई । इस दौरान इस्माइल, समीर खान, इरशाद अली ,सहाना, नेहा, परवीन, जुमे ना ,नगीना, मोहम्मद आबिद जाकिर नफीसा अनीस बानो मुन्नी बेगम आदि लोग थे। तथा साथ ही किच्छा बंडिया क्षेत्र से उजाड़े गए परिवारों ने भी विधायक कार्यालय पहुंच कर उनके पुन: विस्थापन की मांग की इस दौरान रेखा, सावित्री देवी, बिरजू,नगीना बेगम, बिना,शबाना रईस बनो, अरुण, निशा सीमा परवीन बिना, मीनू,रामवीर पुष्पा,रविदा आदि लोग थे। वार्ड न 1 से सुनीता ने आर्थिक मदद किये जाने की मांग की गौरव बेहड़ ने कहा की सभी क्षेत्र वासियों की समस्याओं के निदान हेतु विधायक तिलकराज बेहड़ के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है।



# पुलिस ने सट्टे के कारोबार में लिप्त चार लोगों को किया गिरफ्तार

किच्छा। पुलभट्टा पुलिस ने सट्टा अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में सट्टा पर्ची नगद धनराशि वह कई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने सट्टे के कारोबार में लिप्त 4 लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अभियुक्त भागने में सफल रहा है।पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड देहरादून के द्वारा अवैध सट्टा, सक्रिय अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट और उनकी टीम को मुखबिर की सूचना पर चार बीघा सिरौलीकला मे अकरम पुत्र सरदार अहमद के लोहे के बक्से बनाने का कारखाना मे दबिश देकर मौके परअकरम पुत्र सरदार अहमद निवासी चारबीघा सिरौलीकला हाल निवासी किच्छा जिला उधमसिंहनगर, शराफत शाह पुत्र मेहरबान शाह निवासी चारबीघा सिरौलीकला थाना पुलभट्टा जिला उधमसिहंनगर , रिजवान खान पुत्र




मो0 अहसान खान निवासी वार्ड न018 सिरौलीकला थाना पुलभट्टा जिला उधमसिंहनगर , अफजाल सलमानी पुत्र तौफीक अहमद निवासी वार्ड न018 सिरौलीकला थाना पुलभट्टा जिला उधमसिंहनगर को मय ताश के पत्तो व 14250 रू0 नगद इनके जामातलाशी से 04 अदद मोबाईल फोन, 02 वाहन जिसमे 01अदद स्पेलेन्डर व 01 अदद बुलेट मो0सा0 बरामद हुयी तथा इमरान कुरैशी पुत्र बुन्दन निवासी चारबीघा सिरौलीकला पीछे के रास्ते से भाग गया । पूछताछ मे अभि0 अकरम उपरोक्त ने बताया कि बताया कि मैने आजकल यह कारखाना खोल रखा है मै 100 रू पर हेड के हिसाब से लोगो को अपने यहाँ जुआ/सट्टा खिलवाता हूँ तथा अभि0 शराफत शाह उपरोक्त मो0न0–7500496227 चौक करने मे व्हटस्अप मे शकील भाई के साथ व्हटस्अप के माध्यम से काफी मात्रा मे पैसो का लेन देन और वाईस रिकार्डिग है सट्टो के पैसो का रिकार्ड मौजूद मिला इसके अलावा अन्य कई नम्बरो मे व्हटस्अप पर सट्टे के पैसो का लेनदेन है । पुलिस टीम में कमलेश भट्ट , सुरेश पशबोला,हेका धरमवीर सिंह ,का0 महेन्द्र सिंह , का दीपक विष्ट, का0 चारूचन्द पन्त का0 ललित चौधरी आदि लोग मौजूद थे।

# वरिष्ठ पत्रकार कमल श्रीवास्तव के बड़े भाई का निधन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमल श्रीवास्तव के बड़े भाई सतीश चंद्र श्रीवास्तव (62 वर्ष) का ईलाज के दौरान लखनऊ स्थित केजीएमयू मे निधन हो गया।विगत दिनों उच्च रक्तचाप के चलते दौरा पड़ने से उन्हें लखनऊ रेफर किया गया था। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार रुद्रपुर स्थित शमशान घाट पर किया गया। आकस्मिक निधन पर रूद्रपुर के पत्रकार केवल कृष्ण बतरा, सुरेन्द्र तनेजा, मोहन राजपूत, परमपाल सुखीजा, सुरेन्द्र गिरधर, राजकुमार फुटेला, चंदन बंगारी, मुकेश गुप्ता, जगदीश चन्द्र,प्रमोद धींगड़ा, चेतन बतरा, अरविंद कुमार, मनोज आर्या, विजय आहूजा, भरत शाह, ललित शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, कीर्ति राज रूमाल, अनिल चौहान पंतनगर के पत्रकार सुरेंद्र वर्मा,योगेश पंत,सुनील श्रीवास्तव, त्रिलोकी शंकर मिश्रा, अनिल सिंह, अंगद सिंह, उपेंद्र सिह, हरपिंदर सिह,विशन गंगवार, सुशील दुबे,पी.के सिंह, आर.एस.वर्मा,जितेंद्र यादव, मुकुल सिह आदि पत्रकारों व समाज सेवियों दुख प्रकट करते हुए ईश्वर से आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे– छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डीएल में मेरे पिता का नाम सतीश चन्द्र शर्मा दर्ज है। जबकि मेरे पिता का नाम पोशाकी लाल (POSHAKI LAL)है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अत: भविष्य में मेरे पिता को पोशाकी लाल (POSHAKI LAL)के नाम से जाना पहचाना जाये।

**हरि ओम शर्मा पुत्र श्री पोशाकी लाल निवासी– दलेल नगर,नवाबगंज, जिला बरेली( उत्तर प्रदेश )**

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक–30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
●AC वाल्वो बस ●विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
●भोजन की सुविधा ●ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे–7248133444,8476003072













# मेयर और पार्षदों ने किया पौधारोपण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के लोक पर्व हरेला के उपलक्ष्य में मेयर रामपाल सिंह एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका ने नगर निगम परिसर गांधी पार्क, रामलीला मैदान, सिंह



कॉलोनी, ट्रचिंग ग्राउंड, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, मेडिकल कॉलेज आदि स्थानों पर पार्षदों और नगर निगम के कर्मचारियों के साथ आम, अमरूद, नींम,जामुन,बेल आदि के वृक्षों का पौधारोपण किया।पौधारोपण से पहले मेयर रामपाल सिंह ने नगर निगम में पार्षदों को वार्ड में लगाने के लिए पांच-पांच पौधे दिए साथ ही उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी सौंपी । इस अवसर पर मेयर रामपाल ने सभी को हरेला पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हरेला पर्व प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेवारी का पर्व है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से इस पर्व का विशेष महत्व है। पर्यावरण के बिना जीवन संभव नहीं। वर्तमान दौर में पर्यावरण संरक्षण का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और अन्य कारणों से पर्यावरण खतरे में है। इसे बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा। मेयर ने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तराखण्ड में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष रूप से प्रयासरत है। इसी लिए हर वर्ष हरेला पर्व को प्रदेश में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। मेयर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण जरूरी है। पौधरोपण करके ही हम पर्यावण को भविष्य के लिए सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने हरेला पर्व पर सभी से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आहवान किया। इस अवसर पर आयुक्त सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, दीपक गोस्वामी, प्रभारी अधिशासी अधिकारी गजेंद्र पाल,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्ष पाल सिंह चंडोक पार्षद संघ की अध्यक्षा रजनी रावत,सुशील चौहान, शैलेंद्र रावत, भुवन गुप्ता, आयुष तनेजा, रामकिशन कोली, शालिनी बोरा, माही सकलानी, विनय विश्वास, सेनेटरी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, गायत्री, कमला रानी, गौतम कुमार, गणेश पापनेय, फूल सिंह,रूप बसंत आदि लोग उपस्थित रहे ।

# महिलाओं को वितरित किये तुलसी के पौधे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 'घर-घर तुलसी अभियान' की संयोजिका श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि वह सावन माह में 5000 तुलसी के पौधे वितरित करने के लिए क्षेत्र के अधिकांश मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित करेंगी, और लोगों विशेषकर महिलाओं को 1 1 तुलसी का पौधा प्रदान करेंगी। इधर श्रीमती शर्मा सोमवार को सुबह श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर नगर निगम के सामने और फिर उसके बाद रविंद्र नगर कंचन तारा होटल के पास स्थित मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम पहुंची, जहां उन्होंने पूजा अर्चना और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के पश्चात दर्जनों लोगों विशेषकर महिलाओं को तुलसी का पौधा प्रदान किया। यहां उन्होंने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने का विशेष महत्व है, वही सावन माह में तुलसी की पूजा भी श्रेष्ठ मानी गई है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि तुलसी अमृत तुल्य है और यह विभिन्न धार्मिक आयोजनों और पूजा में प्रयोग में कई वर्षों से सावन माह में तुलसी का पौधा वितरित करती आई हैं, और भविष्य में भी वह इसे अनवरत जारी रखेंगी। इस अवसर पर मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम के चैतन्य



लाई जाती है स वही इसका प्रयोग औषधि के रूप में भी किया जाता है। इसलिए इसका प्रत्येक घर में होना आवश्यक है, उन्होंने कहा कि वे पिछले नारायण, गोपाल,गुरु माता, अनिल शर्मा, शिव सिंह राठी, ममता, किशोरी, प्रेमलता, जानकी, किरण, द्रौपदी, प्रियंका, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# हंस फाउंडेशन ने मनाया हरेला पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।द हंस फाउंडेशन की टीम ने हरेला पर्व के शुभ अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र छीनकी में पौधारोपण कर त्योहार मनाया गया जिसमें सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जे .जे . कुमार ने हरेला पर्व के महत्व के बारे में लोगों को अवगत कराया कि वर्षा ऋतु (मानसून) की शुरुआत का प्रतीक है । वे अच्छी फसल और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। हरेला का अर्थ है हरियाली का दिन, और क्षेत्र में कृषि-आधारित समुदाय इसे अत्यधिक शुभ मानते हैं, क्योंकि यह उनके खेतों



में बुवाई चक्र की शुरुआत का प्रतीक है। साथ में आंगनवाडी कार्य साथ में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कलावती देवी तथा सहायिका सुनीता जी व हंस फाउंडेशन की टीम डॉ आभान्सू शुक्ला फार्मासिस्ट अनुराग यादव लैब टेक्नीशियन अमित सिंह राणा ड्राइवर प्रीतम सिंह व विनीता इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय में पौधरोपण कर हरेला मनाया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रकृति, संस्कृति तथा पर्यावरण को समर्पित उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला पर प्राथमिक विद्यालय छत्तरपुर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। विदित हो कि हरेला पर्व पर स्कूल बंद होने के उपरांत भी पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने के लिए बड़ी संख्या में सउत्साह छात्रों ने भाग लिया जो अपने आप में एक सराहनीय प्रयास है। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने बताया कि ग्रामप्रधान हरीश भट्ट के सहयोग से विद्यालय में पौधरोपण कर बच्चो तथा शिक्षको द्वारा हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चो को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आम,



अमरूद, लीची तथा अन्य दस पौधे लगाकर सभी ने पौधों के संरक्षण के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे, ग्रामप्रधान हरीश भट्ट, सभी शिक्षक तथा गांव के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सुचेतना संस्था ने मनाया बुजुर्ग दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुचेतना समाज सेवा संस्था द्वारा समाज सेवा सेंटर पर बुजुर्ग दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम गंगापुर, नारायणपुर, धर्मपुर, किया गया। मंच पर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद बुजुर्गों के साथ खेलकूद किए गए। विजेताओं को पुरस्कार देकर किया। सुचेतना संस्था की कोऑर्डिनेटर सिस्टर शारदा, प्रधानाचार्य सिस्टर प्रिया, सुपीरियर सिस्टर एलिजाबेथ सभी के सहयोग द्वारा इस प्रोग्राम को रखा



बागवाला झील के बुजुर्गों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मान दिया गया। सभी बुजुर्गों का तिलक लगाकर हार्दिक स्वागत सम्मान किया। सभी बुजुर्गों के लिए भोजन व्यवस्था भी की गई। आने वाले सभी अतिथियों को पुरस्कार देकर विदा गया। कार्यक्रम में समाज सेविका सपना गिल, सपना, स्वाति, सोनम, गायत्री, रिंकू यादव, संगीता ने सहयोग किया।

# अलबेला फॉउंडेशन संस्था ने किया पौधरोपण

किच्छा। हरेला के उपलक्ष्य में अलबेला फॉउंडेशन संस्था द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्था जनता इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वैध राम सुधि सिंह कन्या इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रेलवे स्टेशन, अम्बेडकर पार्क, सावन कृपाल रूहानी मिशन, आवास विकास के विभिन्न पार्क, किशनपुर आदि स्थानों पर 186 पौधे रोपे गए। इस मौके पर मुकेश अग्रवाल, राजेश प्रताप सिंह, राजकुमार बजाज, छोटू कोली, ग्यारसी बंसल, राजीव सक्सेना, संतोष कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह (डब्लू), शैलेंद्र सिंह, राजीव सक्सेना, शिव कुमार सक्सेना (शिब्बू), राजीव अग्रवाल, अलबेला फॉउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार मित्तल, राजू कश्यप, गुरुवचन कोली, अंजना श्रीवास्तव, दीक्षा सक्सेना, हरनीत कौर, अवनीत कौर, पूजा श्रीवास्तव, चिराग सक्सेना, प्रिया सक्सेना, पायल सक्सेना, अरमान मलिक, जसजोत सिंह एवं प्रभजोत सिंह आदि मौजूद थे।






# हरेला पर्व पर चलाया रोपण से पोषण की ओर अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखंड बाजपुर में खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में हरेला लोक पर्व के अवसर पर हरेला पर्व को बृहद वृक्षारोपण अभियान के रूप में मनाते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रमष रोपण से पोषण ष्की ओर अभियान के तहत मनाया गया। जिसमें विकासखंड कार्यालय परिसर में पौधे रोपित किए गए जिन्हें कर्मचारियों द्वारा देखरेख करने की जिम्मेदारी ली गई। उसके बाद भीकमपुरी अमृत सरोवर में किनारे वृक्षारोपण किया गया। साथ ही ग्राम वासियों और समूह के सहयोग से बड़ पीपल के संयुक्त रोपण को एक धार्मिक आस्था के साथ जोड़ते हुए एक शिवलिंग स्थापित किया गया और उस पूजन के साथ वहां के प्रधान ग्राम पंचायत ने उनके धार्मिक मान्यता के अनुसार संरक्षित करने का संकल्प लिया। अमृत सरोवर पर वृक्षारोपण अभियान में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार ,खंड विकास अधिकारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी, सहायक खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत एवम स्थानीय एसएचजी की महिलाए ,पीआरडी की टीम उपस्थित रहे। समूह की महिलाओं को रोपण से पोषण अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया।उसके बाद हरसान बुक्साड सेमल आंगनबाड़ी केंद्र में महालक्ष्मी किट वितरित किए गए जिसमें युवा सामाजिक कार्यकर्त्री उमा जोशी, खंड विकास अधिकारी बीबी जोशी उपस्थित रहे। उसके बाद झारखंडी मंदिर अमृतसरोवर बरहैनी मैं वृहद वृक्षारोपण वृक्ष माला अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया। जिसमें पूरी विकासखंड की टीम ने प्रतिभाग किया एवम प्रधान ग्राम पंचायत बरहनी संदीप एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि यह पर्व हरियाली और नई ऋतु के शुरू होने का सूचक है। उत्तराखंड में हरेला पर्व से सावन शुरू होता है. इस पर्व को शिव पार्वती के विवाह के रूप में भी मनाया जाता है। हरेला पर्व से 9 दिन पहले टोकरी में पांच या सात प्रकार के अनाज बोए जाते हैं और हरेला के दिन इसे काटा जाता और इस साल उत्तराखण्ड सरकार ने हरेला पर्व को जल संरक्षण के लिए रखा गया है।



# चोरों ने घर से तांबे पीतल के बर्तन चुराए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर में चोरों द्वारा निरंतर की जा रही वारदातों के कारण पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। चोर एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इस क्रम में बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक व्यक्ति के पुश्तैनी घर में घुसकर तांबे पीतल के बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने इस मामले को पुलिस को तहरीर सौंप दी है। रेलवे बाजार निवासी सरिल गोयल के पुत्र राकेश गोयल ने बताया है कि उनका किदवई नगर में एक पुश्तैनी मकान बंद रहता है। इस का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने रात को घर के पीछे के दरवाजे को तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने मकान में रखे तांबे पीतल के बर्तनों आदि सामान को चुरा लिया है। राकेश ने बताया कि जब सुबह मकान में पहुंचे तो कमरे के अंदर सामान को अस्त–व्यस्त देख सहम गये।उसने पुलिस से चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है और चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए जुटी है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# खाईबाड़ी करता सट्टेबाज गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान सार्वजनिक रूप से खाईबाड़ी करते एक सट्टेबाज को नगदी व सट्टा पर्ची आदि सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया । जानकारी के अनुसार हरेंद्र चौधरी



कोतवाल के नेतृत्व में राजपुरा चौकी पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक रूप से खाईबाड़ी करते एक सट्टेबाज लखन उर्फ अंकुर भोला पुत्र अशोक निवासी धान मिल स्वामी विहार, बनभूलपुरा गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से पैन, गत्ता, सट्टा पर्ची व नगद 780 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने लखन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस टीम में उप निरीक्षक दिनेश चंद्र जोशी प्रभारी चौकी राजपुरा व कांस्टेबल सुरेश सिंह शामिल थे।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)।अवैध शराब की रोकथाम एवं उनके विरुद्ध वैध ।निक कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में गदरपुर पुलिस टीम ने मुखविर की सूचना पर संजय नगर महतोष मोड़ में टावर से पहले पड़े खाली प्लाट से दीपांकर सिकदार पुत्र दीपक सिकदार निवासी संजयनगर से प्लास्टिक के कट्टे से 13 ली व के 26 पाउच , अवैध शराब खाम के साथ गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में महतोष मोड़ गुरुद्वारा के सामने बनी झोपड़ी के पास से अभियुक्त राजू विश्वास पुत्र सरद विश्वास निवासी संजयनगर महतोष मोड से प्लास्टिक के सफेद कट्टे में 500ग्राम के 22 पाउच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गदरपुर द्वारा आबकाअधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ,उप निरीक्षक ओम प्रकाश, कॉन्स्टेबल गोरखनाथ,नवीन कन्याल ,अनिल लोहिया, महिला कांस्टेबल ज्योति कपकोटी शामिल थी।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भारत और यूएई का मुद्रा कारोबार

बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश वैश्विक स्तर पर कारोबार के ढांचे में अमेरिकी डालर का विकल्प तलाश रहे हैं। अब यह जगजाहिर है कि पिछले कुछ सालों के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत के प्रभाव में विस्तार हुआ है और दुनिया के कई देश कूटनीति से लेकर कारोबार के मोर्चे पर भारत के साथ साझेदारी की नई राह तलाश रहे हैं। पिछले हफ्ते भारत और यूएई के बीच हुए समझौते को इसी क्रम में देखा जा सकता है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में कारोबार पर सहमति बनी है। हालांकि इस दिशा में पहलकदमी के प्रयास पहले से चल रहे थे और उम्मीद थी कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी हो रही आर्थिक चुनौतियों और बदलते समीकरण के बीच भारत और यूएई इस मामले में कोई ठोस कदम उठाने जा रहे हैं। लेकिन इसी क्रम में प्रधानमंत्री की यूएई की ताजा यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच अपनी अपनी मुद्रा में कारोबार को बढ़ावा देने पर हुआ करार अब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक नया अध्याय रच सकता है। इस समझौते के महत्व को प्रधानमंत्री ने खुद भी रेखांकित किया कि यह दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग और आपसी विश्वास को दर्शाता है। गौरतलब है कि पिछले साल व्यापक आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से भारत-यूएई व्यापार में बीस फीसद की बढ़ोतरी देखी गई। अब ताजा समझौते के अमल में आने का प्रत्यक्ष असर यह होगा कि भारत और यूएई में आपसी कारोबार में बढ़ोतरी के साथ-साथ लेनदेन और भुगतान में कम समय लगेगा और आयातकों-निर्यातकों को डालर का इंतजाम किए बिना भुगतान करने में सुविधा होगी। इसके अलावा, मुद्रा बाजार में रुपए और दिरहम में निवेश करने का विकल्प भी खुलेगा और पर्यटन सुविधाजनक होगा। कहा जा सकता है कि जिस दौर में अमेरिका अपनी मुद्रा डालर के प्रभाव के बूते वैश्विक स्तर पर अपना प्रभाव कायम रखे हुए है, उसमें भारत और यूएई के बीच अपनी अपनी स्थानीय मुद्रा में कारोबार पर बनी सहमति कूटनीति स्तर पर एक नया परिदृश्य रचेगा। दरअसल, अमेरिकी डालर के वर्चस्व की वजह से पहले से ही कुछ देशों की ओर से कारोबार के मोर्चे पर नए समीकरण खड़ा करने की कोशिश चल रही है। कुछ बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश वैश्विक स्तर पर कारोबार के ढांचे में अमेरिकी डालर का विकल्प तलाश रहे हैं। इसमें खासतौर पर रूस, चीन, भारत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं। यहां तक कि बांग्लादेश जैसे छोटे एशियाई देश भी आपस में व्यापार के लिए स्थानीय मुद्रा को तरजीह दे रहे हैं। यह छिपा नहीं है कि वैश्विक स्तर पर कारोबार जगत में कई स्तर पर उतार-चढ़ाव चल रहे हैं। एक समय डालर पर निर्भर दुनिया अब नए विकल्पों का रुख कर रही है। इसका कारण संभवत: यह हो सकता है कि हाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देशों के अलग-अलग ध्रुव खड़े हो रहे हैं और उसी मुताबिक आर्थिक जगत में भी नया स्वरूप तैयार हो रहा है। इसमें भारत की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। रूस से तेल खरीदने के लिए भारत और यूएई दिरहम और रूबल का उपयोग कर रहे हैं। उधर चीन के भी हाल में युआन से 88 अरब डालर का रूसी तेल, कोयला और धातु खरीदने की खबर आई थी। बल्कि वैश्विक स्तर पर विदेशी मुद्रा लेनदेन में युआन की हिस्सेदारी बढ़कर सात फीसद पर पहुंच गई है। इस लिहाज से देखें तो भारत और यूएई के बीच हुआ ताजा समझौता मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस करार को पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में आई नई गरमाहट की अगली कड़ी माना जा सकता है।

# जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले का हुआ आगाज

अल्मोड़ा(उद संवाददाता) प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में लगने वाले श्रावणी मेले का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यातिथि सांसद अजय टम्टा समेत विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, जिलाधिकारी/अध्यक्ष जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति विनीत तोमर समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति रहे। इस दौरान शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे अतिथिगणों ने जागेश्वर धाम में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात सांसद अजय टम्टा समेत अन्य गणमान्यों ने रिबन कटकर श्रावणी मेले का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान मा0 सांसद अजय टम्टा ने सभी प्रदेशवासियों को श्रावणी मेला एवं हरेला पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि जागेश्वर धाम राज्य ही नहीं सम्पूर्ण देश में प्रसिद्ध धाम है। देश विदेश से लोग यहां श्रद्धा के साथ आकर शीश झुकाते हैं। उन्होंने कहा कि मेले को भव्य बनाने के लिए जिलाप्रशासन तथा मंदिर समिति पूरे मंतव्य से तथा पूरी श्रद्धा से जुटी हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अजय टम्टा ने कहा कि जागेश्वर धाम सबकी श्रद्धा का केंद्र हैं। यहां आकर खोए हुए आत्मविश्वास को



पुनर्जीवित करने की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि मानसखंड मंदिर माला में भी जागेश्वर को रखा गया है तथा मास्टर प्लान के तहत जागेश्वर का विकास किया जाएगाउन्होंने सभी श्रद्धालुओं के लिए मंगलकामनें कीइस दौरान मेले के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमे स्कूली बच्चों तथा सांस्कृतिक दलों ने विभिन्न सांस्कृतिक छटाओं से सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी (अध्यक्ष मंदिर समिति) विनीत तोमर ने कहा कि मेले में आने वाले सभी भक्तगणों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए साफ सफाई, कूड़ा प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था तथा ट्रैफिक नियंत्रण की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मेला अवधि के दौरान जल संस्थान द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए टैंकर के द्वारा भी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है तथा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में 7 कर्मचारी तैनात किए गए हैं।हरेला पर्व के अवसर पर श्रावणी मेला शुभारंभ में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान जागेश्वर परिसर में भंडारा स्थल के किनारे सभी गणमान्यों द्वारा पौध रोपण भी किया गया। पौधारोपण कर सभी गणमान्यों ने सभी लोगों से वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण करने की अपील की गईइस दौरान उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान, प्रबंधक जागेश्वर मंदिर समिति ज्योत्सना पंत,बीजेपी जिला महामंत्री ध मेंद्र बिष्ट समेत अन्य गणमान्य एवं अधि कारी तथा श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

# राजभवन में धूमधाम से मनाया हरेला पर्व

देहरादून(उद संवाददाता) सोमवार को राजभवन में उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का पर्व ''हरेला'' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हरेला पर्व के अवसर पर राजभवन स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इसके बाद उन्होंने राजभवन परिसर में ''सावनी'' प्रजाति के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर राजभवन परिसर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी परिसर में वृक्षारोपण किया। हरेला पर्व के अवसर पर छोलिया नर्तक दल ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए और इस पर्व की शोभा बढ़ाई। वहीं महिलाओं द्वारा भी पारंपरिक वेशभूषा में हरेला के मांगलिक गीत जी रैया जागी रैया....... आदि मंगल गीत गाए गए। हरेला पर्व के अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं



देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रकृति को महत्व देने की हमारी परंपरा रही है। प्रकृति के विभिन्न रूपों की हम पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व हमारी लोक संस्कृति, प्रकृति और पर्यावरण के साथ जुड़ाव का भी प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में 70 प्रतिशत से भी अधिक वनाच्छादित क्षेत्र हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु कई आंदोलन की शुरूआत यहीं से प्रारम्भ हुए। इस लिहाज से पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं। यह पर्व ऐसी चुनौतियों के समाधान के लिए भी हमें प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमें वृक्षारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, उप सचिव एन के पोखरियाल, अपर निदेशक उद्यान डॉ आर. के. सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ नितिन उपाध्याय, उपनिदेशक उद्यान डॉ अमित रतन, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी, उद्यान अधिकारी दीपक पुरोहित सहित राजभवन के अन्य अधि कारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने पुलिस परिवार संग किया वृक्षारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी पंकज भट्ट एवम् जिलाध्यक्षया उपवा हेमा बिष्ट भट्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को सार्थक करने के लिए फायर स्टेशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एस एस पी ने सभी अधिनस्थों को सुरक्षा व कानून व्यवस्था के साथ लोकहित में पर्यावरण संरक्षण के लिए भी सक्रिय भूमिका निभाने तथा वर्तमान परिपेक्ष्य में बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने के प्रयास करने को कहा। साथ हीजलवायु परिवर्तन के चलते विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक घटनाओं के कारण जल संपदा तथा वनस्पति को हो रही क्षति की रोकथाम के लिए समाज में पर्यावरण संरक्षण के नए आयाम विकसित करने के साथ जन जागरूकता हेतु महत्वपूर्ण प्रयासों की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। इस उपलक्ष्य में पुलिस द्वारा आम, अमरूद, गुलमोहर, बुरांश, पांगर, जामुन, आंवला तथा पहाड़ी स्थानीय प्रजातियों के लगभग 800 वृक्ष लगाए गए। वृक्षरोपण कार्यक्रम में हरबंस सिंह एसपी सिटी, संगीता सीओ लालकुआं, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, पंकज जोशी चौकी प्रभारी टीपी नगर, जीआर आगरी प्रभारी अग्निशमन अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त बलजीत लालकुआं, धर्मवीर सोलंकी प्रभारी प्रभारी निरीक्षक मल्लीताल, रोहताश सागर थानाध्यक्ष मल्लीताल, नन्दन सिंह रावत थानाध्यक्ष कालाढूंगी,



भूपेंद्र सिंह धोनी सीओ हल्द्वानी, गौरव किरार मुख्य अग्निशमन अधिकारी, हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी, भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम, नीरज भाकुनी सिंह भाकुनी क्षेत्राधिकारी रामनगर, संजय गब्यार्ल क्षेत्राधिकारी नैनीताल, उमेश मलिक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भवाली, अरुण कुमार सैनी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर, डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवान सिंह महर थानाध्यक्ष चोरगलिया, विमल मिश्रा थानाध्यक्ष भीमताल, भुवन सिंह राणा थानाध्यक्ष खनस्यू द्वारा अपने-अपने सर्किलों एवं थाना परिसरों एवं चौकी, इकाई व कार्यालयों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।

# पुलिस ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड लोक पर्व हरेला के अवसर परअल्मोड़ा पुलिस ने सैकड़ों फलदार व छायादार पौधे रोपित कर वृक्षारोपण के लिए जनमानस को प्रेरित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम चन्द्र राजगुरू द्वारा पुलिस लाईन अल्मोड़ा में फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपणकर पर्यावरण संरक्षण के लिए पुलिस बल को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु जनमानस से भी वृक्षारोपणकर प्रकृति को हरियाली युक्त व जीवंत रखने की अपील की गई एसएसपी अल्मोड़ा ने कहा कि वृक्षारोपण मात्र औपचारिकता नहीं है वृक्षों से कहीं छाव, कहीं शुद्ध हवा तो कहीं फूल और फल है इसी



से हमारा आने वाला कल हैइसलिए इस हरेला पर्व को हम सिर्फ एक पर्व के रुप में ना मनायें, अपितु वृक्षारोपण कर अपने चारो ओर के आवरण को हरा भरा कर इसे ईश्वर द्वारा दिये गये अमूल्य वरदान के रुप मे ग्रहण करें। एसएसपी के निर्देश पर जनपद के सभी थाना चौकियों फायर स्टेशनों में सम्बन्धित प्रभारियों द्वारा अधीनस्थ पुलिस बल व पुलिस परिवार के साथ वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाकर सैकड़ों फलदार व छायादार वृक्षो को रोपित कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की महिला इकाई गठित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रुद्रपुर की मनकामेश्वर मंदिर में मीटिंग हुई। जिसमे



प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद्र शर्मा की संतुष्टि पर महानगर अध्यक्ष रविंद्र शर्मा द्वारा महिला संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें मीना शर्मा व रश्मि शर्मा संरक्षक, अंजू तिवारी अध्यक्ष, दीपा जोशी संगठन मंत्री, उपाध्यक्ष रसना भारद्वाज, श्वेता शर्मा, खुशबू चतुर्वेदी, मंत्री छाया शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी ममता त्रिपाठी व वंदना शर्मा, रुचि शर्मा, अर्चना कौशिक को सदस्य बनाया गया। बैठक में आगामी तीज कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने महिला पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। संरक्षक मीना शर्मा ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी को तीज कार्यक्रम में अपनी भागीदारी करने को कहा। अध्यक्ष अंजू तिवारी ने महानगर अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, महामंत्री संजीव शर्मा का आभार व्यक्त किया व महिला संगठन को और मजबूत प्रदान करने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में आशुतोष शर्मा, केजी अवस्थी, अजय वतस, मोहित कौशिक, जवाहर शर्मा, शिवकुमार शर्मा, नितिन कौशिक, राहुल भारद्वाज, अखिलेश मिश्रा आदि ब्राह्मण उपस्थित थे।

# पुलिस कर्मियों ने फलदार व छायादार पेड़ लगाए

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के लोकप्रिय पर्व हरेले के अवसर पर धरती को हरा भरा रखने हेतु जनपद उधमसिंहनगर पुलिस ने जी रये जागी रये,यो दिन यो बार भेंटने रया के आशीर्वाद के साथ उत्तराखंड के लोकप्रिय पर्व हरेले के उपलक्ष्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर डॉ मंजुनाथ टीसी ने पुलिस लाईन रुद्रपुर में फलदार व छायादार वृक्ष लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में एसपी सिटी रुद्रपुर, पुलिस उपाधीक्षक संचार, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन/ रुद्रपुर व अन्य पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा भी पेड़ लगाकर धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।



# शिक्षकों वैज्ञानिकों की सेवाएं समाप्त करने का फैसला अव्यावहारिक:जोशी

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत शिक्षकों/वैज्ञानिकों की सेवाएं समाप्त करने एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन रोकने एवं उन्हें विश्वविद्यालय का कर्मचारी न मानने के अव्यवहारिक फैसले पर 24 जुलाई को कृषि मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में शासन के संबंधित उच्च अधिकारियों एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर हल निकाला जाएगा। जानकारी देते हुए पूर्व विधायक एवं प्रबंध परिषद के पूर्व सदस्य राजेश शुक्ला ने बताया कि उन्होंने कृषि मंत्री गणेश जोशी के पंतनगर आगमन पर विभिन्न परियोजनाओं के शिक्षकों /कर्मचारियों के मुद्दे पर अपना विरोध जताते हुए इस फैसले को अव्यावहारिक एवं शिक्षकों/छात्र-छात्राओं के भविष्य पर कुठाराघात बताया तथा कहा कि यदि शासन ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो विश्वविद्यालय की भारी क्षति होगी तथा भाजपा को भी लोकसभा चुनाव में नुकसान होगा। कृषि मंत्री ने वहां मौजूद कुलपति से कहा कि ये कैसे हुआ, कुलपति ने भी कहा कि मुझे बताएं बगैर यह आदेश सीधे कंट्रोलर को शासन ने भेज दिया। शुक्ला ने कहा कि यदि शासन



से किसी भी कारण यह आदेश आ भी गया तो विश्वविद्यालय को आनन-फानन में शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने की बजाय अपना पक्ष शासन के समक्ष रखना चाहिए था । शुक्ला ने कहा कि पूर्व में भी एक बार इस तरह का आदेश आया था तो उन्होंने विधायक रहते विधानसभा में इस मुद्दे को प्रबल तरीके से रखकर तत्कालीन सरकार को ऐसा नहीं करने दिया था। शुक्ला ने कृषि मंत्री को बताया कि सन 1960 में प्रथम कृषि विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित इस विश्वविद्यालय के पैटर्न पर ही देश के अन्य प्रांतों में कृषि विश्वविद्यालय बने तथा सभी में तभी से यह व्यवस्था चली आ रही है कि रिसर्च के लंबे अवधी की परियोजनाएं जो सालों साल चलती रहती हैं उनमें कार्य करने वाले शिक्षकों/वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय ही चयन कर नियुक्त करेगा तथा टीचिंग/ रिसर्च /एक्सटेंशन के सिद्धांत के तहत परियोजनाओं में कार्यरत वैज्ञानिक/ शिक्षक, रिसर्च, एक्सटेंशन के साथ टीचिंग भी करेंगे तथा परियोजना के समाप्त होने की दशा में विश्वविद्यालय के कार्मिक के रूप में कार्य करेंगे तथा उनकी पेंशन राज्य सरकार देगी। कुछ वर्षों पूर्व एक वित्त नियंत्रक (कंट्रोलर) द्वारा इन्हें विश्वविद्यालय का कर्मचारी न मानने का निर्णय कराया गया जिसके विरोध में लगातार यह विषय शासन व बोर्ड के समक्ष आता रहा है तथा आज तक इनका अहित नही होने दिया गया। हाल ही में जो शासनादेश आया है, यह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों/ जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का परिणाम है, परंतु इससे इन वैज्ञानिक/शिक्षकों के साथ- साथ उन छात्रो का भविष्य भी अधर में लटक जाएगा जो छात्र इन शिक्षकों के दिशा निर्देश में रिसर्च कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने शुक्ला की पूरी बात को गंभीरता से सुना, इसका संज्ञान लेते हुए यह निर्णय लिया कि 24 जुलाई को सायं 4:00 बजे विधानसभा सचिवालय में मंत्री जी की अध्यक्षता में एक बैठक करके इसका हल निकाला जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव, सचिव कृषि शिक्षा, सचिव वित्त सहित प्रबंध परिषद में विधायक सदस्यों एवं पूर्व प्रबंध परिषद के सदस्य राजेश शुक्ला तथा पूर्व कृषि सचिव हरबंस चुघ को भी आमंत्रित किया जाएगा तथा विश्वविद्यालय के कुलपति, वित्त नियंत्रक एवं रजिस्ट्रार के साथ-साथ दोनों विधायक शिव अरोड़ा व मोहन सिंह बिष्ट जो प्रबंध परिषद के सदस्य हैं उन्हें भी बैठक में बुलाया जाएगा। कृषि मंत्री के समक्ष शुक्ला द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के दौरान कुलपति भी मौजूद थे जिन्होंने इस बात का समर्थन किया और कुछ देर बाद विधायक रुद्रपुर सदस्य प्रबंध परिषद शिव अरोड़ा वहां पहुंचे तथा उन्होंने भी शुक्ला की मांग का समर्थन किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि 24 जुलाई की बैठक से इस मामले के हल होने की पूरी संभावना बन गई है।

## सतीश श्रीवास्तव के निधन पर जताया शोक

रूद्रपुर। वरिष्ठ पत्रकार एवं युवा प्रेस क्लब के संरक्षक कमल श्रीवास्तव के बड़े भाई सतीश श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर युवा प्रेस क्लब ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है। शोक व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष सौरभ गंगवार, गुरबाज सिंह हरविंदर सिंह खालसा, मनीष ग्रोवर,गोपाल भारती,महेंद्र पॉपली, भास्कर पोखरियाल, ललित राठौर,अमन सिंह,राकेश अरोरा,मनीष ग्रोवर, जगदीश चंद्र, सुरेंद्र गिरधर, विकास कुमार, सिमरप्रीत सिंह, गोपाल सिंह गौतम, अरविंद प्रकाश दुबे, शुभोदुती मंडल,अशोक सागर,नरेंद्र राठौर,विजय बत्रा, विश्वजीत विश्वास,राजीव कुमार, दुर्गेश तिवारी,एस.के. विश्वास, सुशील बटला,राजकुमार शर्मा,अरमान हुसैन,धर्मपाल, आशु अहमद,बलबीर सिंह,धीरेंद्र वर्मा,गुलवेज खान,संजीव गायन,विपलब कुमार, सचिन पंवार, अवनीश कुमार आदि शामिल थे।

# धूमधाम से मनाया श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आर्क होटल रुद्रपुर में श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी का



पूजन वंदन विशुद्ध वेद मंत्रों के उच्चारण से किया गया। तत्पश्चात आरती का गायन हुआ। कार्यक्रम में साध्वी मातंगी भारती ने सत्संग प्रवचन करते हुए कहा कि शताब्दियों पूर्व आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पूजा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन महऋषि वेद व्यास जी का अवतरण हुआ था। ऐसे महान गुरुदेव के ज्ञान सूर्य की रश्मिओं में जिन शिष्यों ने स्नान किया वे अपने गुरुदेव का पूजन किए बिना ना रह सके। अब प्रश्न था कि पूजन किस शुभ दिवस पर किया जाए। एक ऐसा दिन जिस पर सभी शिष्य सहमत हुए। वह था गुरु के अवतरण का मंगलमय दिवस। इसलिए उनके शिष्यों ने इसी पुण्यमय दिवस को गुरु के पूजन का दिन चुना। यही कारण है कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। तब से लेकर आज तक हर शिष्य अपने गुरुदेव का पूजन वंदन इसी शुभ दिवस पर करता है। साध्वी जी ने कहा गुरु भक्ति उपासना की केवल एक पद्धति नहीं है। गुरु शिष्य संबंध की जानकारी भर नहीं है इतिहास की कहानियों का पुलिंदा भी नहीं है। गुरु भक्ति एक अध्यात्मिक अवस्था है इस अवस्था में पहुंचकर किया गया हर करम गुरु पूजा कहलाता है। योग शास्त्र के अनुसार हमारी देह में 7 चक्र होते हैं जो उर्जा केंद्र भी कहलाते हैं। इन्हीं में से छठा चक्र होता है आज्ञा चक्र। यह आज्ञा चक्र त्रिकुटी पर स्थित होता है यह दिव्यता का निवास स्थल माना जाता है। जिस समय पूर्ण गुरु ब्रह्म ज्ञान की दीक्षा देते हैं वह अपने तत्व स्वरूप को शिष्य के इसी आज्ञा चक्र में स्थापित कर देते हैं। कार्यक्रम में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,मनोज कात्याल ,नरेंद्र, रवि शर्मा,सह जिला कार्यवाह रामपुर,ऋषभ ठाकुर, जिला अध्यक्ष रामपुर,गगन प्रचारक बिलासपुर, संजय ठुकराल आदि मौजूद थे।

# हरेला पर्व पर विभिन्न स्थानों पर किया पौधारोपण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला की सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर हरेला पर्व के अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कई स्थानों पर वृक्षारोपण भी किया और वातावरण को स्वच्छ रखने का प्रण लिया। इधर ट्रांजिट कैंप स्थित जन्मभूमि इंटर कॉलेज में श्रीमती शर्मा ने हरेला पर्व के अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष रोपित किए। यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, वृक्ष वातावरण को शुद्ध और प्रत्येक प्राणी को स्वस्थ रखते हैं,वह हमे ऑक्सीजन देते है जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रहता है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं और वातावरण को प्रदूषित होने से बचाएं। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, जन्मभूमि इंटर



कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर सुमित राय, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सचिव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामाधारी गंगवार, महानगर कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, विक्रम राय, अरविंद सक्सैना, रविंद्र गुप्ता,आलोक राय स्कूल प्रधानाचार्य रक्षपाल सिंह, नीतीश कुमार, अनिल कुमार, गंगाराम, सोनाली, ममता दिवाकर, दीपिका, अंजू, संगीता मलिक, ममता दास, तारा, ज्योति, रितु, नीलम गंगवार, सरिता, सुमित्रा, नीलम कोली, अंशिका, लक्ष्मी, नीतू, पूजा गंगवार, ममता, संगीता राठौर, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**भारी बारिश से कई ...** व दो दुकानें ध्वस्त हो गईं। वहीं सपेरा बस्ती के कई मकान प्रभावित हो रहे हैं। शांति विहार व नाले के दूसरी ओर सपेरा बस्ती में रहने वाले सभी व्यक्तियों को उनके घरों व दुकानों से बाहर निकाला गया। शांति विहार में मदन सिंह नेगी व अवधेश मित्तल का मकान और दिनेश अग्रवाल व शमीम की दुकान ध्वस्त हुई है। वहीं सपेरा बस्ती में राजू व सुरेंद्र का मकान ध्वस्त हुआ है। भारी बारिश के चलते जनपद के कई स्थानों पर भारी जल भराव की स्थिती उत्पन्न हो रही है। इसके साथ नदी नालों के किनारे बसे आबादी क्षेत्र में भी लगातार खतरे की स्थिती बनी हुई है। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने अधीनस्थों को ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए ऐसे स्थानों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने तथा लगातार भ्रमणशील रहते हुए लोगों को सतर्क करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये हैं। वहीं भारी बारिश के कारण नेहरू कालोनी थाना क्षेत्रान्तर्गत चंचल डेयरी के पास अत्यधिक जल भराव हो जाने के कारण यातायात बाधित हो रहा था। जिस पर थानाध्यक्ष नेहरू कालोनी द्वारा पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया गया। इसी प्रकार सोमवार देर रात्रि सुमन नगर में घरों में पानी घुस जाने की सूचना पर थानाध्यक्ष नेहरू कालोनी द्वारा मौके पर पहुंचकर लोगों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। इसी के साथ लगातार लाउड स्पीकरों के माध्यम से सभी जनसाधारण को सतर्क रहने हेतु कहा जा रहा है।

**पुंछ में हुई ..**बीच भारी गोलीबारी के साथ मुठभेड़ फिर से शुरू हो गई। भारतीय सेना के विशेष बल, राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान अन्य बलों के साथ ऑपरेशन का हिस्सा थे। देर तक चले इस ऑपरेशन में चार आतंकी मारे गये। ऑपरेशन में मारे गए आतंकवादी संभवत: विदेशी आतंकवादी हैं और उनकी पहचान का पता लगाया जा रहा है।

**सीएम ने आपदा...**के आंकड़े को छू गया। आयोग की ओर से श्रीनगर बांध के निचले क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए जानकारी प्रदान की गई है। गंगा का जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से मुनादी कराई गई है। देहरादून में सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक बारिश जारी रही। मसूरी में आठ घंटे से ज्ध्यादा समय से बारिश हो रही है। यहां बरसाती नाले ऊफान पर हैं। बारिश से लोग भयभीत है। मसूरी से सटे अगलाड़ तथा यमुना घाटी में भी मूसलाधार बारिश हो रही है। यमुना और अगलाड़ नदियां ऊफान पर हैं। मसूरी-धनोल्टी मार्ग पर वुडस्टॉक स्कूल के नीचे भूस्खलन से होने से मार्ग बंद हो गया है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन होने से अवरुद्ध है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर मनेरी के पास भूस्खलन की जद में एक टेम्पो आ गया। टेम्पो चालक ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई।

**नशे में धुत युवतियों...**पर आए दिन माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। युवतियों के हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं आसपास के लोग जब हंगामे का वीडियो बना रहे थे, तब युवतियां वीडियो बनाने वालों से भी गाली गलौज कर रही थीं। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले में जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाली महासभा ने हरेला पर्व पर लगाये पौधे

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बंगाली महासभा की शक्तिफार्म इकाई ने हरेला पर्व पर कई पौधे रोपित किये। भाजपा के उधम सिंह नगर युवा मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य व बंगाली महासभा के शक्तिफार्म नगर अध्यक्ष विश्वजीत हालदार के नेतृत्व पर कार्यकर्ताओ ने संयुक्त रूप से कई छायादार पौधे लगाये ।



विश्वजीत हालदार ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है,हर एक व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए ।उन्होंने बंगाली महासभा के सभी साथियों से एक पेड़ जरूर लगाने का अनुरोध किया। इस मौके पर निरंजन हीरा,रवि मण्डल,राकेश मण्डल,राकेश विश्वास,दीपक कालरा,राघव सिंह,उत्तम मण्डल आदि लोग मौजूद थे।

# नगर पंचायत परिसर में किया पौधारोपण

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के शुभ अवसर पर नव निर्मित नगर पंचायत के कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना,अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने स्थानीय निवासियों के साथ पौधारोपण किया। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया साथ ही वार्ड नंबर 3 गुरु नानक कॉलोनी के लोगों को निशुल्क पौधे वितरण किए।



# न्यायालय परिसर में किया पौधारोपण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में एंव जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा कौशल किशोर शुक्ला के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा शचि शर्मा द्वारा न्यायालय परिसर जनपद अल्मोडा में आज हरेला पर्व के उपलक्ष्य में पौधाारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दयाराम, सिनीयर सिविल जज रवीन्द्र देव मिश्र, सिविल जज शुभांगी गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि अरोड़ा द्वारा औषधीय फलदार व अन्य वृक्षों का वृक्षारोपण किया गयाउक्त कार्यक्रम में अधिवक्तागणकर्मचारीगण व पीएलवी आदि द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

# दो मासूम बच्चों के साथ महिला लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। दो मासूम बच्चों के साथ एक महिला बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला व बच्चों का पता लगाना शुरू किया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम रामजीवनपुर निवासी 21 वर्षीया शबनम नामक महिला बीते 13 जुलाई को अपने दो मासूम बच्चों के साथ परिजनों को बगैर बताए कहीं चली गई। काफी देर तक वापस घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर महिला की तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू किया है।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीवेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000